रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 13/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **बंदूक से गोली चलाने पर गोली आगे बढ़ती है जबकि बंदूक पीछे की ओर झटका खाती है। इस स्थिति में क्रिया और उसकी प्रतिक्रिया को सटीक रूप से कौन-सा विकल्प दर्शाता है?**

Ans A). गोली बंदूक को आगे धकेलती है, और बंदूक गोली को पीछे की ओर धकेलती है।

B). बंदूक गोली पर अग्रगामी बल प्रयुक्त करती है; गोली बंदूक पर समान पश्चगामी बल प्रयुक्त करती है।

C). गोली केवल बारूद के कारण अग्रगामी होती है, और बंदूक अपने वजन के कारण पश्चगामी होती है।

D). बंदूक और गोली दोनों स्थानांतरित होती हैं क्योंकि ट्रिगर खींचा जाता है, न कि क्रिया-प्रतिक्रिया बलों के कारण।

Correct Answer: B

**Q.2** **निम्नलिखित में से कौन-सा, विषमांगी मिश्रण नहीं है?**

Ans A). मृदा B). नींबू पानी (पल्प सहित) C). लौह रेतन और सल्फर D). ऐल्कोहॉल और जल

Correct Answer: D

**Q.3** **एक विद्यार्थी धारावाही सीधे चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित करने के लिए दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम का उपयोग करना चाहता है। इस नियम को सही रूप से लागू करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा चरण आवश्यक है?**

Ans A). अंगूठे को धारा की दिशा में इंगित करना B). अभिविन्यास के लिए वाम हस्त का उपयोग करना C). चालक की दिशा में उंगलियों को मोड़ना

D). अंगूठे को चुंबकीय क्षेत्र के साथ संरेखित करना

Correct Answer: A

**Q.4** **पैरामीशियम (Paramecium) यह कैसे सुनिश्चित करता है कि खाद्य कण (food particles) उसके अंतर्ग्रहण स्थल तक पहुँचें?**

Ans A). कोशिका सतह को ढकने वाले पक्ष्माभ (cilia) के संचलन का उपयोग करता है B). खाद्य परिवहन के लिए संकुचनशील रिक्तिकाओं का उपयोग करता है

C). खाद्य कणों को स्थानांतरित करने के लिए एंजाइमों को मुक्त करता है D). खाद्य को निगलने के लिए स्यूडोपोडिया (pseudopodia) बनाता है

Correct Answer: A

**Q.5** **किसी परमाणु की द्रव्यमान संख्या उसके नाभिक में उपस्थित किन कणों की कुल संख्या को दर्शाती है?**

Ans A). इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन B). केवल प्रोटॉन C). प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन D). प्रोटॉन और न्यूट्रॉन

Correct Answer: D

**Q.6** **निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए:**
**कथन I: उदासीनीकरण अभिक्रियाएँ सदैव लवण, जल और हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती हैं।**
**कथन II: उदासीनीकरण अभिक्रिया एक प्रकार की द्वि-विस्थापन अभिक्रिया है।**

Ans A). केवल कथन II सही है B). दोनों कथन गलत हैं C). केवल कथन I सही है D). दोनों कथन सही हैं

Correct Answer: A

**Q.7** **एथेनॉल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). एथेनॉल, स्पष्ट नीली ज्वाला के साथ जलता है, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड और जल का उत्पादन होता है।

B). एथेनॉल, बेकिंग सोडा के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस मुक्त करता है। C). एथेनॉल, जल में बिल्कुल भी नहीं घुलता है।

D). एथेनॉल एक रंगहीन, गंधहीन द्रव है, जो आसानी से वाष्पित नहीं होता है।

Correct Answer: A

**Q.8** **एक ऐसे क्षेत्र की कल्पना कीजिए जहाँ प्राचीन पादपों के अवशेष प्रचुर मात्रा में हैं तथा अक्सर भूकंप आते हैं और चट्टानों की मोटी परतें हैं। वहां किस जीवाश्म ईंधन के पाए जाने की सबसे अधिक संभावना है और क्यों?**

Ans A). तेल, क्योंकि ये परिस्थितियाँ समुद्री जीवों से तेल निर्माण के लिए अनुकूल हैं B). कोई जीवाश्म ईंधन नहीं, क्योंकि बायोमास का भूमि के नीचे क्षय नहीं हो सकता है
C). कोयला, क्योंकि ये परिस्थितियाँ प्राचीन पादपों से कोयले के निर्माण के लिए अनुकूल हैं
D). प्राकृतिक गैस, क्योंकि ये परिस्थितियाँ ज्वालामुखी गतिविधि से गैस निर्माण के लिए अनुकूल हैं

Correct Answer: C

**Q.9** **एक सीधे चालक में धारा के कारण चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ तार के निकट सघन क्यों होती हैं और दूरी बढ़ने के साथ दूर क्यों होती जाती हैं?**

Ans A). क्योंकि तार से दूरी बढ़ने के साथ चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य कम हो जाता है B). क्योंकि केवल बाह्य चुंबकों के कारण व्यतिकरण होता है
C). क्योंकि दूरी के साथ तार में प्रवाहित धारा घट जाती है D). क्योंकि दूरी बढ़ने पर चुंबकीय क्षेत्र एकसमान हो जाता है

Correct Answer: A

**Q.10** **एक हिमालयी शहर के मौसम की रिपोर्ट में प्रत्येक शाम पवन की दिशा में उत्क्रमण का उल्लेख किया गया है, जो स्थानीय खेती को प्रभावित करता है। इस उत्क्रमण के लिए मुख्यतः कौन-सी वायुमंडलीय परिघटना उत्तरदायी है?**

Ans A). निरंतर उच्च-दाब वाली पवन का प्रवाह B). वैश्विक पवन बेल्ट का संचलन C). घाटी और पर्वतीय समीर का दैनिक चक्र D). मानसून पवनों का प्रारंभ

Correct Answer: C

**Q.11** **MgO में ऑक्सीजन की संयोजकता क्या है?**

Ans A). तीन B). दो C). एक D). चार

Correct Answer: B

**Q.12** **जंतुओं में अवायवीय श्वसन के दौरान सामान्यतः कौन-सा उत्पाद बनता है?**

Ans A). ऑक्सीजन B). ऐल्कोहॉल C). ग्लूकोज़ D). लैक्टिक अम्ल

Correct Answer: D

**Q.13** **एक रसायनज्ञ दो रंगहीन जलीय विलयनों X और Y को मिश्रित करता है। एक श्वेत अवक्षेप Z तुरंत बनता है। बाद में, विश्लेषण से पता चलता है कि Z अविलेय कैल्शियम कार्बोनेट है। विलयनों का कौन-सा युग्म उपयुक्त होने की सर्वाधिक संभावना है?**

Ans A). NaCl और $KNO_3$ B). HCl और NaOH C). $Na_2CO_3$ और $CaCl_2$ D). $ZnSO_4$ और $FeCl_2$

Correct Answer: C

**Q.14** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शीर्षस्थ विभज्योतक (apical meristems) की भूमिका का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?**

Ans A). जड़ों और प्रोह के सिरों पर अनुदैर्ध्य वृद्धि को बढ़ावा देता है। B). पौधे के पूरी तरह विकसित होने के बाद ही परिपक्व ऊतकों में इनका निर्माण होता है।
C). मृदूतक (parenchyma) में पोषक तत्वों का संचयन करता है। D). तनों और जड़ों का व्यास बढ़ाता है।

Correct Answer: A

**Q.15** **एक कर्मकार कोई कार्य करता है। शक्ति (power) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

**1. यदि कार्य नियत रहता है और समय बढ़ता है, तो शक्ति घट जाती है।**
**2. यदि समय नियत रहता है और कार्य बढ़ता है, तो शक्ति बढ़ जाती है।**
**3. शक्ति, किए गए कार्य के अनुक्रमानुपाती होती है।**
**4. शक्ति, लिए गए समय के व्युत्क्रमानुपाती होती है।**

Ans A). केवल 1, 3 और 4 B). 1, 2, 3 और 4 C). केवल 1, 2 और 3 D). केवल 2 और 4

Correct Answer: B

**Q.16** **एक वर्गिकीविज्ञ दो जीवाणुओं के DNA अनुक्रमों की जांच करता है और उनमें उच्च समरूपता पाता है। वर्तमान वर्गीकरण सिद्धांतों के आधार पर, यह उनके बीच किस संबंध का सुझाव देता है?**

Ans A). वे असंबंधित हैं B). वे संभवतः एक समान पूर्वज परंपरा साझा करते हैं C). वे अलग-अलग क्षेत्रों से संबंधित हैं D). वे एक ही पारिस्थितिक श्रेणी में आते हैं

Correct Answer: B

**Q.17** **पोषी स्तरों के माध्यम से हानिकारक रसायनों की सांद्रता में क्रमिक रूप से होने वाली वृद्धि को ________ कहा जाता है।**

Ans A). जैव आवर्धन B). पुनःचक्रण C). अपघटन D). प्रदूषण

Correct Answer: A

**Q.18** **सरल मशीनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?**

Ans A). वे कार्यों को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं B). वे सभी स्थितियों में किए गए कुल कार्य को कम करते हैं C). वे बल की दिशा बदल सकते हैं
D). वे आवश्यक आयास को कम कर सकते हैं

Correct Answer: B

**Q.19** 3 cm लंबा एक बिंब (वस्तु) 6 cm फोकस दूरी वाले एक अवतल लेंस के सामने 9 cm की दूरी पर रखा है। बनने वाले प्रतिबिंब की सन्निकट ऊँचाई कितनी है?

Ans A). 3 cm और उल्टा B). 4 cm और सीधा C). 1.2 cm और सीधा D). 1 cm और उल्टा

Correct Answer: C

**Q.20** पेशीय ऊतक हमारे शरीर में सभी गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होता है और इसमें लंबी कोशिकाएं होती हैं जिन्हें आमतौर पर __________ के रूप में भी जाना जाता है।

Ans A). न्यूरॉनों B). उपकला कोशिकाओं C). उपास्थि कोशिकाओं D). पेशी तंतुओं

Correct Answer: D

**Q.21** कुछ धातुएँ अपनी मूल प्राकृतिक अवस्था में क्यों नहीं पाई जातीं?

Ans A). क्योंकि उनका गलनांक कम होता है। B). क्योंकि वे प्रकृति में घुलनशील होती हैं। C). क्योंकि उनका घनत्व अधिक होता है। D). क्योंकि वे अत्यधिक अभिक्रियाशील होती हैं।

Correct Answer: D

**Q.22** पारितंत्र में, मृत पदार्थों (dead matter) को विघटित करके पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण करने वाले जीवों को ____ कहा जाता है।

Ans A). शाकाहारी (Herbivore) B). निर्माता (Producer) C). उपभोक्ता (Consumer) D). अपघटक (Decomposer)

Correct Answer: D

**Q.23** एकसमान त्वरण के लिए वेग-समय ग्राफ की कौन-सी विशेषता त्वरण का मान निर्धारित करती है?

Ans A). वेग अक्ष पर अधिकतम मान B). वेग अक्ष पर अंतःखंड C). वेग-समय आरेख द्वारा परिबद्ध क्षेत्रफल D). वेग-समय आरेख की प्रवणता

Correct Answer: D

**Q.24** एक उत्तल लेंस, लेंस से 30 cm की दूरी पर रखी एक बिंब का वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब बनाता है। प्रतिबिंब, लेंस के दूसरी ओर 60 cm की दूरी पर बनता है। लेंस की फोकस दूरी कितनी है?

Ans A). 18 cm B). 15 cm C). 20 cm D). 12 cm

Correct Answer: C

**Q.25** यदि माध्यम 1 के सापेक्ष माध्यम 2 का अपवर्तनांक $n_{21}$ है, तो कौन-सा सूत्र $n_{21}$ को सही रूप में व्यक्त करता है?

Ans A). $n_{21}$ = माध्यम 2 में प्रकाश की चाल / माध्यम 1 में प्रकाश की चाल B). $n_{21}$ = माध्यम 1 में प्रकाश की चाल – माध्यम 2 में प्रकाश की चाल C). $n_{21}$ = माध्यम 1 में प्रकाश की चाल / माध्यम 2 में प्रकाश की चाल D). $n_{21}$ = माध्यम 2 में प्रकाश की चाल – माध्यम 1 में प्रकाश की चाल

Correct Answer: C

**Q.26** यदि $\sin\theta + \operatorname{cosec}\theta = \sqrt{5}$ है, तो $\sin^3\theta + \operatorname{cosec}^3\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $2\sqrt{5}$ B). $4\sqrt{5}$ C). $\sqrt{5}$ D). $3\sqrt{5}$

Correct Answer: A

**Q.27** एक रसायनविद् के पास 90 लीटर का एक विलयन है जिसमें ऐल्कोहॉल और जल का अनुपात 1:2 है। अनुपात को 2:3 करने के लिए कितना जल निकालकर उसके स्थान पर ऐल्कोहॉल मिलाना होगा?

Ans A). 6 लीटर B). 7 लीटर C). 9 लीटर D). 5 लीटर

Correct Answer: A

**Q.28** अरविंद ने कोई वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 25% की हानि पर बेचा। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹183 खर्च किए और इसे मीनू को 45% के लाभ पर बेचा। यदि मीनू ने इसे ₹1,479 में खरीदा, तो x का मान कितना होगा?

Ans A). 1,092 B). 1,116 C). 1,079 D). 1,067

Correct Answer: B

**Q.29** अनीता अपनी आय से y% की बचत करती है। यदि उसकी आय में 30% की वृद्धि होती है और उसके व्यय में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में 40% की वृद्धि होती है। y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 43 B). 48 C). 42 D). 50

Correct Answer: D

**Q.30** निम्नलिखित आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अन्तराल | 0-8 | 8-16 | 16-24 | 24-32 | 32-40 | 40-48 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | 7 | 12 | 8 | 10 | 13 |

Ans A). 26.2 B). 28.4 C). 27.5 D). 25.3

Correct Answer: C

**Q.31** 8-अंकीय संख्या 910A3076 को 6 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

Ans A). 5 B). 1 C). 6 D). 4

Correct Answer: B

Q.32 दो संख्याओं के बीच का माध्यानुपाती 12 है। यदि एक संख्या 8 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 24 B). 18 C). 36 D). 9

Correct Answer: B

Q.33 आंकड़ों के एक समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 62 और 43.6 है। आनुभविक सूत्र का उपयोग करके आंकड़ों की माध्यिका (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 56.1 B). 55.4 C). 55.9 D). 56.9

Correct Answer: C

Q.34 तीन भागीदार, A, B, और C, क्रमशः ₹25,000, ₹35,000, और ₹60,000 का निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ ₹66,000 है, तो C का हिस्सा कितना है?

Ans A). ₹39,000 B). ₹35,000 C). ₹33,000 D). ₹37,000

Correct Answer: C

Q.35 एक समांतर चतुर्भुज ABCD में, विकर्ण O पर प्रतिच्छेद करते हैं। ∠BCA = 38° और ∠CAB = 27° है। यदि ∠ADO : ∠CDO = 2 : 3 है, तो ∠AOD ज्ञात कीजिए।

Ans A). 92° B). 86° C). 96° D). 102°

Correct Answer: C

Q.36 यदि ₹550 की राशि 3.5 वर्षों के लिए 8% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 154 B). 134 C). 204 D). 254

Correct Answer: A

Q.37 एक धनराशि पर 20% वार्षिक दर (अर्धवार्षिक रूप से संयोजित ) से ब्याज प्राप्त होता है। 1 जनवरी को ₹8,000 और उसी वर्ष 1 जुलाई को ₹4,500 का निवेश किया जाता है। वर्ष के अंत में अर्जित कुल ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹2,130 B). ₹2,280 C). ₹2,190 D). ₹2,250

Correct Answer: A

Q.38 $\left(\sqrt{50}+2\sqrt{2}\right)^2$ को सरल करें।

Ans A). $98$ B). $98\sqrt{5}$ C). $78\sqrt{2}$ D). $78$


Correct Answer: A

Q.39 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 63% और 42% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 43% और 88% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 52% और 34% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 33%, 61% और 51% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम मूल्य पर बेच रही है?

Ans A). III B). I C). II D). IV

Correct Answer: C

Q.40 दिए गए दंड आलेख में विभिन्न कक्षाओं में छात्र और छात्राओं की संख्या (number of boys and girls in different classes) को दर्शाया गया है। यदि कक्षा VIII के 20% छात्र और 25% छात्राएं एक प्रतियोगिता में भाग लेते हैं, तो कक्षा VIII के कितने विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लेंगे?




Ans A). 15 B). 17 C). 16 D). 14

Correct Answer: C

Q.41 $\left(\frac{17a^5b^2c^4}{51a^3b^3c^4}\right)\times 9b^3$ को सरल कीजिए।

Ans A). $3ab^2$ B). $3a^2b^2$ C). $3ab$ D). $5a^2b$

Correct Answer: B

**Q.42** रमन की आय ₹50,400 है और वह 7.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 26% की वृद्धि होती है और उसके खर्च में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

Ans A). 100% B). 50% C). 125% D). 75%

Correct Answer: A

**Q.43** यदि किसी धनराशि पर 5% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹5 है, तो वह धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2,500 B). 2,000 C). 1,000 D). 1,500

Correct Answer: B

**Q.44** दो ट्रेनें, विपरीत दिशाओं में क्रमशः 108 km/h और 90 km/h की चाल से चल रही हैं। यदि तीव्र चलने वाली ट्रेन की लंबाई 550 मीटर है, तो तीव्र चलने वाली ट्रेन द्वारा मंद चलने वाली ट्रेन में खड़े एक व्यक्ति को पार करने में लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10 सेकंड B). 15 सेकंड C). 12 सेकंड D). 11 सेकंड

Correct Answer: A

**Q.45** पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 48 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 16 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू होते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A). 1 B). 2 C). 3 D). 4

Correct Answer: A

**Q.46** यदि $\cos\theta = \frac{1}{2}$ है, तो $7\sec^2\theta + 3\tan^2\theta - 9$ किसके बराबर है?

Ans A). 28 B). 14 C). 9 D). 31

Correct Answer: A

**Q.47** 80 m और 120 m लंबाई की दो ट्रेनें क्रमशः 50 km/hr और 30 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। ट्रेनों द्वारा एक-दूसरे को पार करने में लगने वाले समय की गणना कीजिए।

Ans A). 9 सेकंड B). 10 सेकंड C). 8 सेकंड D). 12 सेकंड

Correct Answer: A

**Q.48** एक समकोण त्रिभुज का कर्ण 46 cm है और अन्य दो भुजाओं का अंतर 26 cm है। तो त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans A). 598 $cm^2$ B). 360 $cm^2$ C). 299 $cm^2$ D). 720 $cm^2$

Correct Answer: B

**Q.49** तीन वर्ष पूर्व, मि. सोहन लाल की आयु, उसके पोते की आयु की चार गुनी थी। आठ वर्षों में, उनकी आयु, उनके पोते की आयु की तीन गुनी हो जाएगी। मि. सोहन लाल की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans A). 78 वर्ष B). 91 वर्ष C). 95 वर्ष D). 85 वर्ष

Correct Answer: B

**Q.50** यदि दो गोलों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात 900 : 1089 है, तो उनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1000 : 1331 B). 125 : 591 C). 125 : 137 D). 1000 : 1223

Correct Answer: A

**Q.51** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). KN - JM B). NQ - MP C). OR - NQ D). MP - PU

Correct Answer: D

**Q.52** यदि BLOCKING शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans A). एक B). तीन C). दो D). एक भी नहीं

Correct Answer: B

**Q.53** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 14 का संबंध 213 से है। उसी तर्क के अनुसार, 22 का संबंध 333 से है। समान तर्क के अनुसार 31 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 472 B). 454 C). 436 D). 468

Correct Answer: D

Q.54 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 19 का संबंध 57 से है। उसी तर्क का अनुसरण करके, 25 का संबंध 75 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 10 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 31 B). 30 C). 34 D). 33

Correct Answer: B

Q.55 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंक वाली संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) A $ 3 B 7 @ M 2 % P 9 # D 4 & H 5 @ J 8 ! (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

Correct Answer: D

Q.56 शब्द KNIFERS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 8 B). 7 C). 11 D). 9

Correct Answer: A

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'window is closed' को 'ra cy mb' के रूप में और 'he is bad' को 'cy tg lo' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'is' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

Ans A). tg B). mb C). lo D). cy

Correct Answer: D

Q.58 सक्षम, बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करके उत्तर की ओर 18 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है, वह फिर बाएं मुड़ता है और 21 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 4 km, पूर्व की ओर B). 2 km, पश्चिम की ओर C). 1 km, उत्तर की ओर D). 3 km, पश्चिम की ओर

Correct Answer: B

Q.59 नीचे एक प्रश्न और उसक बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

**Q.** पांच बच्चों – A, B, C, D और E में – सबसे छोटा कौन है?
**(I)** A, B और C से छोटा है। B, D से छोटा है।
**(II)** A, E से छोटा है। B, E से छोटा है। C, E से छोटा है। D, E से छोटा है।

Ans A). कथन I और II दोनों मिलकर (और न अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
B). कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
C). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
D). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

Correct Answer: A

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LDE JGD HJC FMB ?

Ans A). DSR B). GFR C). HYT D). DPA

Correct Answer: D

Q.61 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : HBO :: LIV : %

Ans A). # = IAR, % = KJS B). # = IAR, % = VIL C). # = IAR, % = KJT D). # = GCP, % = ILV

Correct Answer: A

**Q.62** सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
I, Q के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। R के दाएँ से गिनने पर, R और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K के दाएँ से गिनने पर, Z और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, K के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है।
J के दाएँ दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). K B). Q C). P D). I

**Correct Answer: C**

---

**Q.63** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

72 84 93 105 114 126 ?

Ans A). 132 B). 141 C). 135 D). 138

**Correct Answer: C**

---

**Q.64** मनोहर बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 16 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 6 km चलता है, फिर वह दाएँ मुड़कर 17 km चलता है। इसके बाद वह फिर से दाएँ मुड़कर 10 km चलता है। अंत में वह फिर से दाएँ मुड़कर 1 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 4 km, पश्चिम दिशा में B). 5 km, पूर्व दिशा में C). 4 km, पूर्व दिशा में D). 5 km, पश्चिम दिशा में

**Correct Answer: C**

---

**Q.65** एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

यदि 'मनोज @ पलक % सौम्या $ जागृति # वसीम' है, तो मनोज का वसीम से क्या संबंध है?

Ans A). भाई की पत्नी के पिता की माता B). भाई की पत्नी की माता की बहन C). भाई की पत्नी की माता की माता D). भाई की पत्नी के पिता की बहन

**Correct Answer: A**

---

**Q.66** दी गई अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएँ केवल एक अंक की हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) A 4 & P % 7 @ 8 T 6 & K 2 R 5 # 3 E Ω C D (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक संख्या है?

Ans A). एक B). एक भी नहीं C). तीन D). दो

**Correct Answer: A**

---

**Q.67** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:
VAN LIE JOY HEN
यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). चार D). दो

**Correct Answer: D**

---

**Q.68** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : GIE :: EGC : %

Ans A). # = OBH , % = BER B). # = JPH , % = BDD C). # = JLH , % = BDZ D). # = JOX , % = ASZ

**Correct Answer: C**

---

**Q.69** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
B, F के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। D, G के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। E और D दोनों का निकटतम पड़ोसी F है। A, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
E के दाएँ से गिनने पर, E और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 4 B). 3 C). 2 D). 1

**Correct Answer: B**

---

**Q.70** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। P की परीक्षा शुक्रवार को है। P और R के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। U की परीक्षा R से ठीक पहले है। U और V के बीच केवल तीन लोगों की परीक्षा है। T की परीक्षा V के बाद लेकिन S से पहले है। Q की परीक्षा कब है?

Ans A). रविवार B). मंगलवार C). गुरुवार D). सोमवार

**Correct Answer: D**

**Q.71** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CJM : EHO
GLN : IJP

**Ans** A). BPW : DNY B). FKM : GMO C). DGL : EOH D). CFO : EHM

**Correct Answer: A**

---

**Q.72** दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) V L E N H N F I N P V O Y B Z Y E W P O A A (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर भी है?

**Ans** A). 6 B). 7 C). 4 D). 5

**Correct Answer: D**

---

**Q.73** उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे 85 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, निष्ठा बाईं ओर से 25वें स्थान पर और विभा दाईं ओर से 28वें स्थान पर बैठी है। निष्ठा और विभा के बीच कितने विद्यार्थी बैठे हैं?

**Ans** A). 34 B). 33 C). 32 D). 31

**Correct Answer: C**

---

**Q.74** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
POR MIC HAS WET
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित किया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans** A). एक B). तीन C). चार D). दो

**Correct Answer: B**

---

**Q.75** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + Y # R @ B - G' है, तो D का G से क्या संबंध है?

**Ans** A). बहन B). पत्नी की बहन C). पत्नी की माता D). माता

**Correct Answer: B**

---

**Q.76** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans** A). PS - LO B). KN - GJ C). FI - BE D). BE - XB

**Correct Answer: D**

---

**Q.77** यदि संख्या 52183475 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से पहले अंक और दाएं से पहले अंक का योग कितना होगा?

**Ans** A). 12 B). 14 C). 16 D). 10

**Correct Answer: B**

---

**Q.78** सात बॉक्स I, J, K, Q, R, S और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। S और Q के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। T को S के ऊपर रखा गया है। I और J के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। K को R के ठीक ऊपर रखा गया है। J को K के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। Q के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। कौन-सा बॉक्स ऊपर से चौथे स्थान पर रखा गया है?

**Ans** A). I B). K C). R D). J

**Correct Answer: B**

---

**Q.79** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

112 - 32 ÷ 6 + 88 × 11 = ?

**Ans** A). 296 B). 291 C). 300 D). 298

**Correct Answer: A**

**Q.80** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

40 ÷ 2 + 12 × 3 − 9 =?

**Ans** A). 85 B). 95 C). 115 D). 105 **Correct Answer: A**

**Q.81** वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2026 का 21वां संस्करण, निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी किया गया था?

**Ans** A). विश्व आर्थिक मंच B). संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम C). अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष D). विश्व बैंक **Correct Answer: A**

**Q.82** भारत में युवाओं के बीच मादक द्रव्यों के दुरूपयोग की समस्या से निपटने के लिए 2026 में किस राष्ट्रीय अभियान को सुदृढ़ किया जा रहा है?

**Ans** A). स्टार्टअप इंडिया स्कीम B). फिट इंडिया मूवमेंट C). नशा मुक्त भारत अभियान D). डिजिटल इंडिया कार्यक्रम **Correct Answer: C**

**Q.83** किस संस्थान ने आकांक्षी जिले और ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत वास्तविक समय में शासन, हितधारक समन्वय और अंतिम छोर तक वितरण को मजबूत करने के लिए मई 2026 में सेंट्रल प्रभारी ऑफिसर (CPO) पोर्टल की शुरुआत की?

**Ans** A). प्रशासनिक सुधार और जन शिकायत विभाग B). राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग C). नीति आयोग D). राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र **Correct Answer: C**

**Q.84** टी. रबी शंकर की सेवानिवृत्ति के बाद तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए मई 2026 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के डिप्टी गवर्नर के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया था?

**Ans** A). राजेश कुमार B). राकेश सिन्हा C). रोहित जैन D). रोहित शर्मा **Correct Answer: C**

**Q.85** जनवरी 2026 में, गुजरात सरकार द्वारा गांवों में शहर-जैसी सुविधाएं प्रदान करने के लिए कौन-सी ग्रामीण विकास योजना प्रारंभ की गई थी?

**Ans** A). मुख्यमंत्री ग्रामोत्थान योजना B). मुख्यमंत्री ग्रामकल्याण योजना C). मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना D). मुख्यमंत्री ग्रामविकास योजना **Correct Answer: A**

**Q.86** मार्च 2026 में भारत के 94वें शतरंज ग्रैंडमास्टर का खिताब किस खिलाड़ी को दिया गया?

**Ans** A). अर्जुन एरिगैसी (Arjun Erigaisi) B). मयंक चक्रवर्ती (Mayank Chakraborty) C). डी. गुकेश (D Gukesh) D). आर. प्रज्ञानानंदा (R Praggnanandhaa)

**Correct Answer: B**

**Q.87** दिसंबर 2025 में पेश किए गए विकसित भारत - गारंटी फॉर रोज़गार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) अधिनियम में किसे शामिल किया गया?

**Ans** A). गारंटीकृत कार्यदिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 करना B). खाद्यान्न अंतरण के साथ DBT को प्रतिस्थापित करना C). केवल कृषि मजदूरों की भागीदारी को सीमित करना D). ग्रामीण रोजगार वितरण का पूर्ण निजीकरण करना **Correct Answer: A**

**Q.88** 24 फरवरी से 16 मार्च, 2026 तक स्पेशल फोर्सेज ट्रेनिंग स्कूल, बकलोह, हिमाचल प्रदेश में आयोजित वज्र प्रहार (Vajra Prahar) का आयोजन भारत और किस देश के बीच द्विपक्षीय विशेष बल सैन्य अभ्यास के रूप में किया गया था?

**Ans** A). रूस B). ऑस्ट्रेलिया C). फ्रांस D). संयुक्त राज्य अमेरिका **Correct Answer: D**

**Q.89** 2026 में, भारत ने नेशनल क्वांटम मिशन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। वह ऐतिहासिक उपलब्धि क्या थी?

**Ans** A). मुंबई के वित्तीय जिले के लिए क्वांटम इंटरनेट विकसित करना B). 1,000 kms का सुरक्षित क्वांटम संचार पूरा करना C). अभिकलनात्मक स्पीड में क्वांटम सर्वोच्चता प्राप्त करना D). विश्व के पहले क्वांटम कंप्यूटिंग सैटेलाइट का प्रक्षेपण **Correct Answer: B**

**Q.90** 2026 वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप (20–22 मार्च 2026), जहां आर्मंड "मोंडो" डुप्लांटिस (Armand "Mondo" Duplantis) ने अपना लगातार चौथा इनडोर पोल वॉल्ट खिताब जीता, कुजावस्को-पोमोर्स्का एरिना में किस शहर में आयोजित किया गया था?

**Ans** A). टोरुन (Toruń), पोलैंड B). ग्दान्स्क (Gdańsk), पोलैंड C). क्राकाउ (Kraków), पोलैंड D). वारसॉ (Warsaw), पोलैंड **Correct Answer: A**

Q.91 2026 में, भारत सरकार ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों में संशोधन अधिसूचित किए, जिससे चक्रीय अर्थव्यवस्था पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए प्लास्टिक पैकेजिंग में किस प्रकार की सामग्री का उपयोग करना उत्पादकों और ब्रांड स्वामियों के लिए अनिवार्य कर दिया गया?

Ans A). बांस आधारित पॉलिमर प्रतिस्थापी B). पुनः चक्रित प्लास्टिक सामग्री C). जैवनिम्नीकरणीय धात्विक लेपन D). आयातित कम्पोस्ट-योग्य पैकेजिंग सामग्री

Correct Answer: B

Q.92 किस खिलाड़ी ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला एकल खिताब जीतने के साथ अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता, जिसने पहला विंबलडन 2022 में जीता था?

Ans A). आर्यना सबालेंका (Aryna Sabalenka) B). जेसिका पेगुला (Jessica Pegula) C). इगा स्वियाटेक (Iga Świątek) D). एलेना रायबाकिना (Elena Rybakina)

Correct Answer: D

Q.93 स्वदेशी और पारंपरिक भारतीय खेलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित "खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 (Khelo India Tribal Games 2026)" का आयोजन भारत के किस राज्य में हुआ था?

Ans A). छत्तीसगढ़ B). मध्य प्रदेश C). ओडिशा D). झारखंड

Correct Answer: A

Q.94 2026 पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव के बाद 9 मई 2026 को पश्चिम बंगाल के प्रथम BJP मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?

Ans A). लॉकेट चटर्जी B). अग्निमित्रा पॉल C). दिलीप घोष D). शुभेंदु अधिकारी

Correct Answer: D

Q.95 2026 में, आंध्र प्रदेश राज्य ने पद्म श्री से मरणोपरांत सम्मानित एक प्रसिद्ध कर्नाटक संगीतकार की कृतियों का विशेष संकलन किया। किस व्यक्ति की आध्यात्मिक और शास्त्रीय रचनाओं को इस प्रकार सम्मानित किया गया?

Ans A). श्री गरिमेला बालकृष्ण प्रसाद B). पंडित अजय पोहनकर C). डॉ. मैंडोलिन यू. श्रीनिवास D). सुश्री सुधा रघुनाथन

Correct Answer: A

Q.96 दिसंबर 2025 में, किस संगठन ने हाई-स्पीड स्वदेशी लड़ाकू जेट एस्केप सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया?

Ans A). भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) B). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) C). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) D). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

Correct Answer: D

Q.97 अप्रैल 2026 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने रणनीतिक रोडमैप "DPI@2047 फॉर विकसित भारत" लॉन्च किया?

Ans A). भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण B). नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया C). इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय D). भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड संगठन

Correct Answer: B

Q.98 मार्च 2026 में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने अंग्रेजी और हिंदी दोनों में कौन-सा नवीनतम वार्षिक संदर्भ प्रकाशन जारी किया?

Ans A). भारत 2047: एक विकास रिपोर्ट B). भारत में शासन: वार्षिक समीक्षा C). भारत 2026: एक संदर्भ वार्षिक D). नया भारत : नीति और प्रगति

Correct Answer: C

Q.99 सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए, संस्थागत श्रेणी में चयनित राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किस राज्य से संबंधित था?

Ans A). सिक्किम B). उत्तराखंड C). असम D). हिमाचल प्रदेश

Correct Answer: A

Q.100 22 अप्रैल 1970 को शुरू हुए और U.S. सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन (Gaylord Nelson) द्वारा शुरू किए गए पर्यावरण जागरूकता अभियान, 'पृथ्वी दिवस 2026 (Earth Day 2026)' की आधिकारिक थीम क्या थी?

Ans A). आवर पावर, आवर प्लैनेट (Our Power, Our Planet) B). इन्वेस्ट इन आवर प्लैनेट (Invest in Our Planet) C). प्लैनेट बनाम प्लास्टिक (Planet vs. Plastics) D). रिस्टोर आवर अर्थ (Restore Our Earth)

Correct Answer: A

"